# BLOOD RELATION

**निर्देश: नीचे के प्रत्येक प्रश्न में व्यक्तियों के बीच उल्लिखित संबंधों को सावधानीपूर्वक समझें और तब दिए गए विकल्पों में से सही उत्तर का चयन करें:**

1. A, B, और C का पिता है। B, A का पुत्र है किंतु C, A का पुत्र नहीं है। C का A से क्या संबंध है?
   (a) पुत्री (b) पुत्र
   (c) भतीजी (d) भतीजा
   (e) इनमें से कोई नहीं

2. मंयक ने कहा, "मेरी माँ रजत के भाई की बहन है"। रजत का मंयक से क्या संबंध है?
   (a) चचेरा भाई (b) मामा
   (c) चाचा (d) साला
   (e) इनमें से कोई नहीं

3. अजय, विजय का भाई है। मिली, अजय की बहन है संजय, राहुल का भाई है और मेहुल विजय की पुत्री है। संजय का चाचा कौन है?
   (a) राहुल (b) अजय
   (c) मेहुल (d) दी गई सूचना अपर्याप्त है
   (e) इनमें से कोई नहीं

4. एक व्यक्ति ने अपने साथ आ रहे लड़के का परिचय देते हुए कहा, "यह मेरी पत्नी की पुत्री के पिता का पुत्र है।" वह लड़का उस व्यक्ति का क्या है?
   (a) दामाद (b) बेटा
   (c) भाई (d) पिता
   (e) इनमें से कोई नहीं

5. वरूण ने अरूण की ओर संकेत करते हुए कहा, "वह मेरी बहन के एकमात्र भाई का पुत्र है।" अरूण का वरूण से क्या संबंध है?
   (a) बेटा (b) भाई
   (c) भतीजा (d) दी गई सूचना अपर्याप्त है
   (e) इनमें से कोई नहीं

6. यदि अमित के पिता बिल्लू के पिता के एकमात्र पुत्र हैं और बिल्लू का कोई भी भाई नहीं है और न ही उसकी कोई पुत्री है तो अमित और बिल्लू के बीच क्या संबंध हैं?
   (a) चाचा-भतीजा (b) पिता-पुत्री
   (c) पिता-पुत्र (d) चचेरा भाई
   (e) इनमें से कोई नहीं

9. फोटो में एक महिला की ओर संकेत करते हुए एक व्यक्ति ने कहा, "वह मेरी दादी के एकमात्र पुत्र की पुत्री है।" वह महिला उस व्यक्ति की क्या है?
   (a) मां (b) पुत्री
   (c) साली (d) बहन
   (e) इनमें से कोई नहीं

10. एक पुरूष और एक महिला किसी एक कमरे में बैठे हैं। उस पुरूष की सास और उस महिला की सास आपस में मां और पुत्री हैं। वह व्यक्ति उस महिला का .... है।
    (a) पिता (b) मां
    (c) चाचा (d) ददिया श्वसुर
    (e) इनमें से कोई नहीं

11. एक फोटो की ओर संकेत करते हुए किसी महिला ने कहा, "वह मेरी मां के पिता की एकमात्र पुत्री है।" उस फोटो वाले व्यक्ति का महिला के साथ क्या संबंध है?
    (a) मां (b) दादी
    (c) पुत्री (d) कहा नहीं जा सकता
    (e) इनमें से कोई नहीं

12. एक फोटो की ओर संकेत करते हुए एक महिला ने मोहन से कहा, "मैं इस महिला की एकमात्र पुत्री हूँ और इसका पुत्र तुम्हारा मामा है।" इस बोलने वाली महिला का मोहन के पिता से क्या संबंध है?
    (a) पति (b) साली
    (c) पत्नी या साली (d) इनमें से कोई नहीं
    (e) पता नहीं किया जा सकता

13. A, B की मां है B, के पिता C के तीन बच्चे है। इस सूचना के आधार पर बताएं कि निम्नलिखित में से कौन-सी सूचना निश्चित रूप से सत्य है।
    (a) C की तीन पुत्रियां
    (b) C के तीन पुत्र है
    (c) B एक लड़का है
    (d) B की दो बहनें हैं
    (e) इनमें से कोई नहीं

14. A, B का भाई है। A, C का भाई है। B का C से क्या संबंध है, यह जानने के लिए निम्नलिखित में से कौन सी न्यूनतम अतिरितक्त जानकारी अपेक्षित है?
    I. C का लिंग II. B का लिंग
    (a) केवल I अपेक्षित है
    (b) केवल II अपेक्षित है
    (c) I या II में से कोई भी एक अपेक्षित है
    (d) I और II दोनों अपेक्षित हैं
    (e) I और II में से कोई भी अतिरिक्त जानकारी अपेक्षित

Add. 41-42A, Ashok Park Main, New Rohtak Road, New Delhi-110035
+91-9350679141

नहीं है

15. क्या D, F का भाई है? इस प्रश्न का उत्तर ज्ञात करने के लिए नीचे A और B कथनों में दी गई कौन-सी सूचना पर्याप्त है?
(A) B के दो पुत्र हैं जिनमें एक F है
(B) D की मां का विवाह B से हुआ है
(a) उपर्युक्त A और B दोनों में दी गई सुचनाएं अपेक्षित है।
(b) उपर्युक्त A और B दोनों में दी गई सुचनाएं पर्याप्त नहीं है।
(c) केवल A में दी गई सूचना अपर्याप्त है
(d) केवल B में दी गई सूचना पर्याप्त है
(e) A या B में दी गई सूचना पर्याप्त है

16. किसी एक पुरूष का अपने पति से परिचय कराते हुए एक महिला ने कहा, "इसके भाई का पिता मेरे दादाजी का एकमात्र पुत्र है।" वह महिला उस पुरूष की क्या लगती है?
(a) चाचा (b) मां
(c) पुत्री (d) सास
(e) बहन

17. एक महिला की ओर संकेत करते हुए एक व्यकित ने कहा, "उसके पति की मां मेरे पिता के एकमात्र पुत्र की पत्नी है"। उस व्यक्ति का उस महिला से क्या संबंध है?
(a) पिता (b) चाचा
(c) पति (d) भाई
(e) बेटा

18. एक महिला का परिचय कराते हुए एक पुरूष ने कहा कि उसके पति की मां मेरे पिता के एकमात्र पुत्र की पत्नी है। उस पुरूष और उस महिला के बीच क्या संबंध है?
(a) बेटा (b) साला
(c) चाचा (d) श्वसुर
(e) दादा

19. एक महिला का परिचय कराते हुए एक पुरूष ने कहा कि उस महिला की मां के पति की बहन उस पुरूष की मां हैं उस पुरूष और उस महिला के बीच क्या संबंध है?
(a) ममेरा-फुफेरे भाई-बहन (b) भतीजा
(c) पिता-बुआ (d) दी गई सूचना अपर्याप्त है
(e) दनमें से कोई नहीं

20. D, J का पुत्र है जो F का पुत्र है। P, R की पुत्री है। यदि N, P की बहन और J की पुत्री हो, तो J, 'R' का क्या संबंध है?
(a) भाई (b) पिता
(c) पति (d) चाचा
(e) इनमें से कोई नहीं

**निर्देश: (प्रश्न 21 से 25): नीचे दिए गए कथनों का सावधानीपुर्वक अध्ययन करें और तत्पश्चात् पुछे गए प्रश्नों के उत्तर दें:**

P, R का पिता है, किंतु R उसका पुत्र नहीं है।
T, R की पुत्री है। U, P की पत्नी है। Q, R काभाई है। S, Q का पुत्र है।
V, Q की पत्नी है। W, V का पिता है।

21. S की दादी कौन है?
(a) W (b) P (c) R
(d) U (e) इनमें से कोई नहीं

22. U का पुत्र कौन है?
(a) Q (b) R (c) T
(d) S (e) ज्ञात नहीं किया जा सकता

23. Q का श्वसूर कौन है?
(a) R (b) P (c) T
(d) W (e) इनमें से कोई नहीं

24. R की साली कौन है?
(a) S (b) V (c) U
(d) T (e) कहा नहीं जा सकता

25. T का भतीजा कौन है?
(a) R (b) Q (c) W
(d) S (e) इनमें से कोई नहीं

**निर्देश: (प्रश्न 26 से 30): नीचे दिए गए कथन को सावधानी पूर्वक पढ़े और तत्पश्चात् पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दें:**

राधा और मिन्नीलाल के दो बच्वें हैं-सिम्मी और दिव्या। दिव्या का विवाह अनुज से हुआ है जो मधु और जब्बार का पुत्र है। रेशमा अनुज की पुत्री है। अनुज की बहन किरण का विवाह सुबोध से हुआ है और इनके तरूण और अमन दो पुत्र हैं। तरूण, मधु और जब्बार का नाती है।

26. अमन और रेशमा के बीच क्या संबंध है?
(a) चाचा-भतीजी (b) पिता-पुत्री
(c) पति-पत्नी (d) चचेरी बहन
(e) इनमें से कोई नहीं

27. सुबोध, जब्बार का क्या है?
(a) दामाद (b) पुत्र
(c) भाई (d) श्वसुर
(e) इनमें से कोई नहीं

28. रेशमा, किरण की क्या है?
(a) भतीजी (b) पुत्री

(c) मां (d) चाची
(e) इनमें से कोई नहीं

29. दिव्या, किरण की कौन है?
(a) चाची (b) दादी
(c) साली (d) बहन
(e) इनमें से कोई नहीं

30. निम्नलिखित में से कौन-सा कथन निश्चित ही सत्य है?
(a) अमन, सिम्मी का पुत्र है
(b) मधु, सुबोध की सास है
(c) रेशमा, किरण की चचेरी बहन है
(d) उपर्युक्त तीनों सत्य हैं
(e) इनमें से कोई नहीं

EduBull.com